**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी शिमला**
**26.07.2026/प्रादेशिक समाचार/15:00बजे**

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कैच द रेन अभियान में गांव और शहरों से लेकर पंचायतों व सामाजिक संगठनों की जबरदस्त भागीदारी पर प्रसन्नता जताई है। आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि अभियान के तहत पुराने तालाबों से गाद हटाई जा रही है और कुओं व बावड़ियों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये अभियान पूरे देश में 4 जुलाई से चलाया जा रहा है।

हर घर तिरंगा अभियान की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इस अभियान ने पिछले कुछ वर्षों में पूरे देश को एकजुट किया है। प्रधानमंत्री ने प्लास्टिक प्रदूषण पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि एकल उपयोग वाले प्लास्टिक का कचरा प्रकृति के लिए नुकसानदेह बना हुआ है। प्रधानमंत्री ने करगिल विजय दिवस के मौके पर वीर शहीदों को भी याद किया।

**करगिल विजय दिवस**

इस बीच करगिल विजय दिवस के मौके पर आज प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। चम्बा में राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने वीर सपूतों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया सहित अन्य गणमान्य लोग इस दौरान मौजूद रहे। नाहन में सांसद सुरेश कश्यप सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। हमीरपुर में मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने शहीदों को नमन किया। उन्होंने कहा कि सरकार शहीदों के परिजनों, भूतपूर्व सैनिकों और सेवारत सैनिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। करगिल विजय दिवस के अवसर पर राष्ट्र की एकता, अखण्डता और देश की सुरक्षा के लिए सदैव समर्पित रहने की शपथ भी दिलाई गई।

**शिक्षा मंत्री**

केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने आज शिक्षा मंत्री का कार्यभार संभाल लिया है। धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे के बाद कल उन्हें नया शिक्षा मंत्री नियुक्त किया गया था। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, प्रल्हाद जोशी ने नई जिम्मेदारी सौंपने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है।

**मिंजर मेला**

चम्बा का अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेला आज से शुरू हो गया है। राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने इस आठ दिवसीय मेले का विधिवत शुभारम्भ किया। इस अवसर पर चम्बा शहर में एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। राज्यपाल ने भगवान लक्ष्मीनाथ मंदिर में पूजा–अर्चना के बाद भगवान लक्ष्मीनारायण को हाथ से

बनी जरी की मिंजर अर्पित की। उन्होंने प्रदेशवासियों को मेले की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ये मेला हमारी अदभुत व समृद्ध सांस्कृतिक परम्परा का प्रतीक है।

मिंजर मेला 2 अगस्त तक चलेगा। राज्यपाल आज शाम मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या में भी शिरकत करेंगे।

**विधिक जागरूकता**

शिमला जिला के नारकंडा में आज विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान लोगों को विभिन्न कानूनी विषयों सहित उनके अधिकारों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश न्यायमूर्ति अजय ठाकुर ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकारों व कर्तव्यों की जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से पात्र लोगों को निशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध करवाई जाती है ताकि कोई भी व्यक्ति आर्थिक या सामाजिक कारणों से न्याय से वंचित न रहे। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधरोपण भी किया गया।

**मौसम**

प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में मॉनसून की वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है। राजधानी शिमला सहित अन्य स्थानों पर पिछले 24 घंटों के दौरान वर्षा हुई है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान बिलासपुर, मण्डी, सोलन और सिरमौर जिलों में वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है।

**करूणामूलक**

राज्य सरकार ने करूणामूलक रोजगार नीति के तहत इस महीने ग्रुप–सी के 94 कर्मचारियों को नियुक्ति दी है। ये नियुक्तियां जलशक्ति, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, गृह और बागवानी विभागों में दी गई है। सरकार ने विभागों को करूणामूलक नियुक्ति के वास्तविक मामलों को प्राथमिकता के आधार पर भेजने के निर्देश दिए हैं। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार सरकार करूणामूलक रोजगार के पात्र मामलों के जल्द निपटारे के लिए प्रतिबद्ध है।

———————————